30 नवंबर 2025
रविवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज


बक्सर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की कसरत तेज, डीएम-एसपी ने जारी किए कड़े निर्देश
2



# गांधीजी के विचार औपनिवेशिक शिक्षा से प्रभावित : भागवत

- ब्रिटिश शासन से पहले भारतीयों में एकता का अभाव था

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के अनुसार महात्मा गांधी का यह कहना कि ब्रिटिश शासन से पहले भारतीयों में एकता का अभाव था, औपनिवेशिक शिक्षा से प्रेरित एक झूठी कहानी है। शनिवार को नागपुर में राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में बोलते हुए भागवत ने कहा कि गांधीजी ने अपनी पुस्तक हिंद स्वराज में लिखा है कि अंग्रेजों के आने से पहले हम एकजुट नहीं थे। लेकिन यह उनके द्वारा हमें सिखाई गई झूठी कहानी है। गांधीजी द्वारा 1908 में गुजराती में लिखी गई और 1909 में उनके द्वारा ही अंग्रेजी में अनुवादित हिंद स्वराज में 20 अध्याय हैं, और यह एक पत्रिका के पाठक और संपादक के बीच संवाद के रूप में लिखी गई है। भागवत ने कहा कि भारत की राष्ट्र की अवधारणा प्राचीन, जैविक और राष्ट्र की पश्चिमी अवधारणा से मौलिक रूप से भिन्न है। उन्होंने कहा कि हमारा किसी से कोई विवाद नहीं है। हम विवादों से दूर रहते हैं। विवाद करना हमारे देश की प्रकृति में नहीं है। एकजुट रहना और भाईचारा बढ़ाना हमारी परंपरा है। जबकि दुनिया के अन्य हिस्से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में विकसित हुए हैं। वहां एक बार कोई राय बन जाने के बाद, उस विचार के अलावा कुछ भी अस्वीकार्य हो जाता है। वे अन्य विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं। भागवत ने कहा कि दूसरी ओर हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवादद्ध का नहीं।



### एआई के आगमन को रोका नहीं जा सकता

कार्यक्रम में युवा लेखकों के साथ बातचीत करते हुए भागवत ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी प्रौद्योगिकियों के आगमन को रोका नहीं जा सकता। लेकिन हमें इस पर अपना अधिकार बनाए रखना चाहिए। और उपयोग करते समय अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में कहा कि विवादों में उलझना भारत के स्वभाव में नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में बोलते हुए कहा कि भारत की परंपरा हमेशा से भाईचारे और सद्भाव पर जोर देती रही है। भागवत ने राष्ट्रवाद की भारतीय अवधारणा को पश्चिमी विचारों से अलग बताया और कहा कि भारत प्राचीन काल से एक राष्ट्र रहा है। उन्होंने एआई के उपयोग को मानव जाति के लाभ के लिए बताया। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग मानव जाति के लाभ के लिए तथा मनुष्य को बेहतर बनाने के लिए किया जाना चाहिए। भाषा और संस्कृति पर वैश्वीकरण की चुनौती के बारे में पूछे गए एक प्रश्न पर भागवत ने कहा कि यह फिलहाल एक भ्रम है। वैश्वीकरण का वास्तविक युग अभी आना बाकी है और भारत इसे लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू से ही वैश्वीकरण की अवधारणा रही है और इसे वसुधैव कुटुम्बकम कहा जाता है। भागवत ने कहा कि हम वैश्विक बाजार नहीं बनाते, बल्कि एक परिवार बनाते हैं, जो वैश्वीकरण का असली सार होगा, और वह युग अभी आना बाकी है। इसलिए, वैश्वीकरण के बारे में अपने दिल से डर या गलतफहमी निकाल दीजिए।

# महागठबंधन में तकरार के बीच तेजस्वी यादव चुने गए विधायक दल के नेता

**एजेंसी। पटना**

तेजस्वी यादव को महागठबंधन विधायक दल ने अपना नेता चुन लिया है। इस उद्देश्य से शनिवार को तेजस्वी के सरकारी आवास पर हुई बैठक में सभी घटक दल उनके नाम पर एकमत रहे। बैठक में विधान मंडल सत्र के दौरान महागठबंधन की रणनीति पर चर्चा हुई। जन-हित के मुद्दों पर आक्रामक और राष्ट्र-राज्य हित में सकारात्मक रणनीति पर सहमति बनी। बैठक में राजद के साथ कांग्रेस, वाम दल और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आइआइपी) का प्रतिनिधित्व रहा। कांग्रेस की ओर से विधान पार्षद समीर सिंह ने रचनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि महागठबंधन की एकता के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। तय हुआ कि अब हार के कारणों पर पश्चाताप के बजाय भविष्य की चिंता करनी है। चूंकि संख्या बल में सत्ता पक्ष इस बार बहुत ही भारी है, लिहाजा महागठबंधन को हर हमेशा एकजुट रहना है। जन-हित के मुद्दों से कोई समझौता नहीं होगा।



## सुप्रीम कोर्ट में किए कई बड़े बदलाव, वादों की तुरंत होगी लिस्टिंग

# अब तारीख पर तारीख नहीं चलेगी : सीजेआई सूर्यकांत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में 1 दिसंबर 2025 से प्रभावी होने वाले बड़े बदलाव किए हैं। इन बदलावों का उद्देश्य मौखिक मेंशनिंग, अर्जेंट लिस्टिंग और मामले की सुनवाई टालने की प्रक्रिया में सुधार करना शामिल है, ताकि फाइलिंग को सुव्यवस्थित किया जा सके, अनावश्यक अर्जेंट मेंशनिंग कम हो, और व्यक्तिगत स्वतंत्रता व तात्कालिक अंतरिम राहत से जुड़े मामलों की तेजी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में चार सर्कुलर जारी किए गए हैं। व्यक्तिगत लिबर्टी व डेमोलेशन जैसे मामले में केस तुरंत लिस्ट होगा। वहीं बिना ठोस वजह तारीख या स्थगन नहीं होगा। अब तारीख पर तारीख नहीं चलेगी। लिस्टिंग और मेंशनिंग से जुड़े सर्कुलर बताते हैं कि मामलों की लिस्टिंग के लिए वादकारियों को अब मुख्य न्यायाधीश के सामने मौखिक मेंशनिंग करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिन मामलों में अर्जेंसी होगी उन्हें दो कार्यदिवस के भीतर लिस्ट कर लिया जाएगा। चीफ जस्टिस के सामने अब मौखिक मेंशनिंग नहीं होगी और सीनियर वकील अब मेंशन नहीं करेंगे। अदालत ने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष मौखिक मेंशनिंग पर रोक लगा दी है, सिवाय उन मामलों के जिन्हें विशेष रूप से अनुमति दी गई हो। अब कोई भी वरिष्ठ वकील किसी भी पीठ के समक्ष मामलों की मेंशनिंग नहीं कर सकेंगे। इसके स्थान पर, युवा जूनियर वकीलों को मौखिक मेंशनिंग के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया गया है कि जब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और तात्कालिक अंतरिम राहत से जुड़े सभी नए मामलों को दो कार्यदिवस के भीतर खुद ब खुद लिस्ट किया जाएगा। इनमें नियमित जमानत व अग्रिम जमानत, जमानत रद्द करने के मामले, मृत्युदंड से जुड़े मामले, हेबियस कॉर्पस याचिकाएं (बंदी प्रत्यक्षीकरण), बेदखली या कब्जे से संबंधित मामले, डेमोलेशन से संबंधित मामले और कोई ऐसा मामला जिसमें तत्कालीक तौर पर अंतरिम आदेश की जरूरत हो।

### खामियों को दूर कर होगा लिस्ट

ऐसे मामलों को तमाम खामियों व त्रुटियां दूर होने और वेरिफिकेशन के बाद लिस्ट कर दिया जाएगा और इन मामलों में अब मौखिक मेंशनिंग की जरूरत नहीं होगी। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सत्यापित किए गए अन्य नए मामलों को अगले सोमवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। जबकि शुक्रवार, शनिवार और सोमवार को सत्यापित किए गए मामलों को अगले शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। जिन मामलों में अर्जेंट मेंशनिंग होगी उसमें बताना होगा कि क्यों प्रतीक्षा नहीं किया जा सकता है। जिन मामलों में तात्कालिक अंतरिम आदेशों की वजह से सुनवाई को निर्धारित तिथि से पहले लाने की आवश्यकता होती है। अपवाद के तौर पर केवल अग्रिम जमानत, मृत्युदंड, हेबियस कॉर्पस और अत्यावश्यक बेदखलीध्ध्वस्तीकरण के मामले ही मान्य होंगे। जिन अर्जेंट मामलों में निर्धारित सूचीबद्धता तारीख का इंतजार नहीं किया जा सकता (जैसे अग्रिम जमानत, मृत्युदंड, हेबियस कॉर्पस, बेदखलीध्कब्जा और डेमोलेशन), उनके लिए फॉर्म और आवश्यकता दस्तावेज पहले जमा करना आवश्यक है। मेंशनिंग ऑफिसर इन प्रपत्रों और पत्रों को रजिस्ट्रार (ज्यूडिशियल लिस्टिंग) को मुख्य न्यायाधीश के आदेश हेतु भेजेंगे।

# दक्षिण भारत में बारिश और तूफान का कहर, उड़ानें रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चक्रवात दित्वाह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ रहा है और इसके असर से तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है। एयर इंडिया ने ट्वीट कर कहा है कि चेन्नई और दक्षिण भारत के कुछ अन्य शहरों के लिए उड़ानों पर असर पड़ सकता है। यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस जांचने की सलाह दी गई है। पुड्डुचेरी में प्रशासन ने लोगों से घर में रहने की अपील की है। जबकि स्कूल-कॉलेज अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं मछुआरों को समुद्र में न जाने का आदेश दिया गया है। चक्रवात के चलते 60 सदस्यीय बचाव दल मौके पर तैनात किया गया है। राज्य में सुबह से ही आसमान बादलों से ढका है और पिछले एक घंटे से लगातार तेज बारिश हो रही है। इधर, तमिलनाडु के रमनाथपुरम और नागपट्टिनम में बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। इस वजह से चेन्नई एयरपोर्ट पर 54 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं रेलवे ने भी कई ट्रेनों का रूट और समय बदला है। किसानों ने बताया कि एक लाख एकड़ फसल पानी में डूबी है। वहीं सरकार ने 6000 राहत शिविर तैयार किए गए हैं और लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है।

# सहारनपुर में सड़क हादसा, सात की गई जान



**एजेंसी। सहारनपुर**

सोना सैयद माजरा गांव के पास हुए हादसे से मोहद्दीपुर गांव में भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। एक तरफ मोहद्दीपुर में ऋषिपाल सैनी का अंतिम संस्कार किया गया तो दूसरी तरफ उसकी बहन, भांजे और भांजी समेत सात लोगों की जान चली गई। आनन-फानन में ऋषिपाल का अंतिम संस्कार कर सभी सोना सैयद माजरा गांव की तरफ दौड़ पड़े। मोहद्दीपुर निवासी 62 वर्षीय ऋषिपाल सैनी का बृहस्पतिवार निधन हो गया था। परिजनों ने सभी रिश्तेदारों को सूचना दी थी कि शुक्रवार सुबह 11 बजे गांव में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। संदीप अपनी मामा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए परिवार के साथ वहां जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही पूरा परिवार खत्म हो गया। मोहद्दीपुर में सभी इंतजार कर रहे थे कि ऋषिपाल की बहन, भांजे और भांजी आएंगे तो अंतिम संस्कार के लिए चलेंगे। मोहद्दीपुर में एक रिश्तेदार के फोन की घंटी बजी। पता चला कि बहन और भांजे संदीप समेत सात लोगों की हादसे में मौत हो गई। हादसे की खबर गांव में पहुंचते ही मातम का माहौल हो गया। अंतिम संस्कार कर रहे लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई और ज्यादातर लोग तुरंत सोना सैयद माजरा की ओर घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। मृतक ऋषिपाल सैनी अपने पीछे तीन शादीशुदा बेटियों और एक बेटे को छोड़ गए हैं। गांव दौलतपुर निवासी 22 वर्षीय विपिन भी इस हादसे का शिकार हुआ।

## अब तक लगभग 40 करोड़ यानी करीब 79 फीसदी फॉर्म डिजिटल हो चुके

# 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया तेज

**एजेंसी। मुंबई**

देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर फेज-II के तहत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची अपडेट का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब तक लगभग 40 करोड़ यानी करीब 79 फीसदी फॉर्म डिजिटल हो चुके हैं। राज्यों की बात करें तो गोवा इस प्रक्रिया में सबसे आगे है, जहां डिजिटाइजेशन का स्तर 95 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया है। एसआईआर फेज-II की शुरूआत चार नवंबर को हुई थी और यह चार दिसंबर तक चलेगा। इस चरण में 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं को इलेक्ट्रोर-स्पेसिफिक एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि कुल 50.73 करोड़ फॉर्म में से 99.53 प्रतिशत फॉर्म लोगों तक पहुंच चुके हैं और अब भी फॉर्म जमा करने के लिए छह दिन शेष हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में लक्षद्वीप ने 100 प्रतिशत वितरण और 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के साथ पहली सफलता हासिल की है। इसके बाद गोवा का स्थान है। हालांकि, गोवा राज्यों में सबसे आगे गोवा जहां 11.85 लाख फॉर्मों में से 95.17 प्रतिशत डिजिटल हो चुके हैं। राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में भी डिजिटाइजेशन की दर 90 प्रतिशत से ऊपर है, जो प्रक्रिया की तेज रफ्तार दिखाती है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में भी आयोग ने 15.40 करोड़ फॉर्म वितरित कर दिए हैं, जो 99.74 प्रतिशत है। हालांकि डिजिटाइजेशन दर अभी 60.91 प्रतिशत है। इसी तरह केरल में वितरण 98.4 प्रतिशत और डिजिटाइजेशन 73 प्रतिशत है।









# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मिले बक्सर विधायक आनन्द मिश्र



■ **विकास कार्यों में तेजी लाने पर हुई सार्थक चर्चा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से शनिवार को सर्किट हाउस में बक्सर सदर के विधायक आनन्द मिश्र ने भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान जिले में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों, जनसुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र की प्राथमिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

विधायक आनन्द मिश्र ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष बक्सर में आधारभूत संरचना को मजबूत करने, ग्रामीण सड़कों के उन्नयन, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा बिजली एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की ओर से मिले सुझावों एवं समस्याओं को भी विस्तारपूर्वक रखा।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विधायक द्वारा प्रस्तुत मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सहयोग और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है कि विकास योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। इस दिशा में बक्सर जिले को भी आवश्यक प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

मुलाकात को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे कई लंबित परियोजनाओं और नई योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भविष्य में भी समन्वय बनाए रखने और जनहित से जुड़े मुद्दों पर मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## एक नजर

### वरीय प्रभारी पदाधिकारी केसठ ने विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**केसठ।** वरीय उप समाहर्ता सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी केसठ द्वारा कार्यालय कक्ष में एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों व कर्मियों को कार्य निष्पादन की वर्तमान स्थिति प्रस्तुत करने तथा लंबित कार्यों पर अद्यतन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक के उपरांत वरीय प्रभारी पदाधिकारी केसठ ने अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, मनरेगा भवन, कौशल विकास केंद्र तथा निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यालयों में आवश्यक मानकों के अनुरूप कार्य निष्पादन, कर्मियों की उपस्थिति, सेवाओं की उपलब्धता और भवनों की स्थिति का बारीकी से आकलन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शासन के योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन के लिए कर्मियों का समय पर उपस्थित रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने सभी कर्मियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने का कठोर निर्देश दिया तथा उपस्थिति को पूरी तरह बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से दर्ज करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपस्थिति में लापरवाही व अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वरीय प्रभारी पदाधिकारी केसठ ने सभी कार्यालय परिसरों में साफ-सफाई की स्थिति में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ एवं व्यवस्थित कार्यस्थल न केवल कार्यकुशलता बढ़ाता है बल्कि आमजन को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने संबंधित प्रभारी कर्मियों को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने कार्यालयीन प्रणाली में नवाचार और तकनीक आधारित सुधार को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में तकनीक के नवाचारों का उपयोग पंचायत से लेकर प्रखंड एवं अंचल स्तर पर पारदर्शिता और दक्षता लाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फाइल प्रबंधन, सेवा वितरण और शिकायत निवारण से जुड़े कार्यों में तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें।अंत में वरीय प्रभारी पदाधिकारी केसठ ने कहा कि सभी विभाग समन्वय बैठकों के माध्यम से नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें और अपने-अपने स्तर पर बेहतर सेवा प्रदान करने की दिशा में सक्रिय प्रयास करते रहें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निर्धारित निदेशों का पालन होने पर प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनेगी।

## चौसा पावर प्लांट के पास की गई थी अर्जुन यादव की हत्या, पुलिस ने सरगना तक पहुंचने की रणनीति तेज की

# बक्सर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की कसरत तेज, डीएम-एसपी ने जारी किए कड़े निर्देश

■ **टोल प्लाजा से लेकर गोलंबर, पुल और बाईपास तक सख्त निगरानी, नंबर प्लेट ढ़कने वाले ट्रकों पर होगी कार्रवाई, हर समय क्रेन उपलब्ध रखने का आदेश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन ने शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कमर कस ली है। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य की संयुक्त अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बक्सर शहर तथा उससे सटे मार्गों पर जाम की पुरानी समस्या को समाप्त करने हेतु कई कड़े और प्रभावी निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम टोल प्लाजा की अव्यवस्थित प्रणाली पर सवाल उठाया गया। जिलाधिकारी ने टोल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया कि वाहनों को एक ही लेन में कतारबद्ध तरीके से निकाला जाए ताकि अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही चेतावनी दी गई कि अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई तय है।

इसके साथ ही वीर कुंवर सिंह सेतु पर वाहनों के खराब होने से लगातार जाम की स्थिति बनती रही है। इसे देखते हुए अधिकारियों ने आदेश दिया कि जैसे ही कोई वाहन पुल पर खराब हो, उसे तुरंत क्रेन के माध्यम से हटाया जाए। इसके लिए गोलंबर क्षेत्र में हर समय क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आपात स्थिति में मिनटों के भीतर राहत मिल सके।

बैठक में एक अहम मुद्दा उन ट्रक चालकों का रहा जो उत्तर प्रदेश की ओर जाते समय टैक्स या चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट ढक लेते हैं या पेंट कर देते हैं। इस पर डीएम-एसपी ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसे वाहनों की सघन जांच की जाए और दोषी चालकों पर तुरंत जुमार्ना लगाया जाए। साथ ही नंबर बदलने या छिपाने जैसे कृत्यों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मोटरयान निरीक्षकों की जांच पद्धति पर भी डीएम-एसपी ने असंतोष जताया। निर्देश दिया गया कि अब वाहनों की जांच सड़क पर नहीं, बल्कि किनारे या ऐसे स्थानों पर की जाए, जहां ट्रैफिक प्रभावित न हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

इसके अलावा शहर के सबसे संवेदनशील स्थान, गोलंबर से लेकर सिंडिकेट भाया बाईपास ज्योति चौक तक अनियंत्रित पार्किंग को जाम की मुख्य वजह माना गया। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया गया कि इस पूरे मार्ग में उपयुक्त पार्किंग स्थल चिन्हित कर वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराया जाए। अवैध रूप से खड़े वाहनों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक के अंत में नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पूरे शहर में सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अतिक्रमण हटाना शहर के सुचारू यातायात की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस बैठक से उम्मीद है कि शहर की यातायात समस्या में जल्द सुधार दिखेगा। प्रशासन ने साफ संकेत दे दिया कि अब बक्सर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगा।

## पुलिस की बड़ी सफलता, वीर कुंवर सिंह सेतु पर 393 पेटी विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**केटी न्यूज/बक्सर**

पुलिस ने फिर एक बार तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। डाल-डाल पुलिस, पात-पात तस्कर के तर्ज पर कार्रवाई करते हुए जिले में लगातार दूसरी बार भारी मात्रा में शराब की खेप पकड़ी गई है। शुक्रवार की देर रात औद्योगिक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए वीर कुंवर सिंह सेतु पर पंजाब नंबर की एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। जांच में ट्रक से 393 पेटी विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी मात्रा लगभग 3529 लीटर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक संजय को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि ट्रक को सोनीपत से सिलीगुड़ी ले जाना था और उसे बताया गया था कि उसमें मुर्गी दाना लदा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि मुर्गी दाने की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही थी। ट्रक में ऊपर से मुर्गी दाना भरा गया था, जिसके नीचे पेटियों में विदेशी शराब छुपाई गई थी। औद्योगिक थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शराब की यह खेप बड़े नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होती है। चालक से पूछताछ की जा रही है तथा सप्लाई चेन से जुड़े लोगों की पहचान की दिशा में पुलिस तेजी से काम कर रही है। बक्सर पुलिस की यह कार्रवाई राज्य में शराब तस्करी पर कड़ा संदेश देने वाली मानी जा रही है।

## नावानगर थाना के चालक से शराब बरामद, सिस्टम पर उठ रहे गंभीर सवाल

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय थाना क्षेत्र में गुरूवार को हुई कार्रवाई ने पुलिस-प्रशासन की आंतरिक निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना की ही सरकारी गाड़ी के चालक सत्येंद्र यादव के पास से अंग्रेजी शराब की चार बोतलें बरामद होने के बाद अब पूरा मामला नए मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। शनिवार को यह मामला सामने आते ही महकमे में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने डुमरांव-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग स्थित रूपसागर गांव के एक किराना दुकान में छापेमारी की। दुकान के भीतर एक बैग से 750 एमएल की रॉयल स्टैग की चार बोतलें, वर्दी तथा अन्य सामान बरामद किया गया, जो पुलिस जीप के चालक व होमगार्ड जवान सत्येन्द्र यादव की थी।





इस मामले में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी के बयान पर चालक के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है, हालांकि उन्होंने मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मामला केवल चार बोतलों की बरामदगी का नहीं है, बल्कि पुलिस व्यवस्था में व्याप्त खामियों का संकेत देता है। चर्चा यह भी है कि गुरुवार को नावानगर थाना में जिस ब्रांड की बड़ी खेप (947 पेटी) शराब जब्त की गई थी, उसी ब्रांड की शराब चालक के पास से मिले बैग में पाई गई। ऐसे में यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या जब्त शराब सुरक्षित रखी जा रही है या उसमें सेंधमारी की आशंका भी संभव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी गाड़ी का चालक होने के नाते सत्येंद्र यादव की जिम्मेदारी प्रशासनिक गतिविधियों में सहयोग करना था, लेकिन उसकी कथित संलिप्तता यह दशार्ती है कि शराब माफिया की पहुंच पुलिस तंत्र के भीतर तक हो सकती है। यह पहली घटना नहीं है जब शराब बरामदगी के बाद उसके रख-रखाव पर सवाल खड़े हुए हों। फिलहाल थाना प्रशासन मामले को दबे स्वर में संभालने की कोशिश में जुटा है, लेकिन घटना ने विभागीय अनुशासन, जब्त सामग्री की सुरक्षा और पुलिस तंत्र की पारदर्शिता पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।


कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ0 अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
SKIN SPECIALIST
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
पताः- सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉंव


# नई शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय सेमिनार, बदलते दौर में कौशल आधारित शिक्षा की जरूरत पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

■ **तियरा के प्रहलाद राय टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित सेमिनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षा विशेषज्ञ हुए शामिल**

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के तियरा स्थित प्रहलाद राय टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में शनिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान से हुई। प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने अतिथियों का अभिवादन किया। कॉलेज के सचिव डॉ. मनोज कुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रामा कुमारी तथा संचालन सहायक प्राध्यापक सुनील कुमार यादव ने किया। सेमिनार की औपचारिक शुरूआत कॉलेज द्वारा प्रकाशित स्मारिका के विमोचन से हुई।



मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति डॉ. रामकृष्ण ठाकुर ने बदलते समय में शिक्षा के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी विकास के साथ शिक्षा का स्तर निरंतर उन्नत हो रहा है। ऐसे में शिक्षकों और छात्रों दोनों को नई शैक्षणिक चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा।

आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के शिक्षाविद् डॉ. ज्ञानदेवमणि त्रिपाठी ने नई शिक्षा नीति 2020 को समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि अब छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के साथ कौशल आधारित सीख उपलब्ध कराना अनिवार्य है। एआई के इस युग में पाठ योजना और शिक्षण पद्धति को भी आधुनिक स्वरूप देना होगा। उन्होंने भारतीय स्वाध्याय परंपरा को जीवंत रखने पर भी जोर दिया।

वहीं, असम से आए केंद्रीय विश्वविद्यालय मणिपुर के प्रोफेसर डॉ. टी. इन्ना बोई सिंह ने एनईपी 2020 को छात्रों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि मातृभाषा में प्राइमरी स्तर पर शिक्षा प्रारंभ करने की पहल अत्यंत सकारात्मक है। इससे बच्चों में सीखने की क्षमता और मूलभूत समझ मजबूत होती है।

एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक डॉ. हृषिकेश सेनापति ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश को ह्यसुपर नॉलेज पावरह्व बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा का संगम आने वाले समय में वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में समृद्ध इतिहास रखता है, पर नई चुनौतियों के अनुरूप अभी और सुधारों की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में डॉ. जयप्रकाश, डॉ. मोहिनी कुमारी, डॉ. उषा सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, रामवीर सिंह सहित अनेक शिक्षाविद् और प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।


मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएंः
- विशाल और सुसज्जित हॉल
- आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
- ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
- बड़ा पार्किंग एरिया
- 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
- साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
- बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
- हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर





सारीमपुर, बक्सर
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

# बड़ी खबर : बक्सर में साइबर माफिया गिरोह का भंडाफोड़, 19 गिरफ्तार

- **किराए के मकान से चल रहा था हाईटेक ठगी का नेटवर्क**
- **आईसीआईसीआई बैंक के पीछे चल रहा था खेल, 64 मोबाइल, 5 लैपटॉप बरामद, कई राज्यों में फैले नेटवर्क के खुलासे की उम्मीद**



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस ने शनिवार को शहर में जड़ें फैला चुके एक बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क पर करारी चोट की है। गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस ने पीपी रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पीछे एक किराए के मकान में छापेमारी कर 19 संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि यह एक संगठित, हाई-टेक और अंतरराज्यीय साइबर गिरोह है, जो ऑनलाइन सट्टेबाजी से लेकर बैंकिंग फ्रॉड तक की कई अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

छापेमारी के दौरान पुलिस को 64 मोबाइल फोन और 5 लैपटॉप मिले हैं, जिनमें कई दर्जन डिजिटल वॉलेट, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट और विभिन्न राज्यों में फैले ठगी के रिकॉर्ड मिलने की बात कही जा रही है। ये युवक छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के अलग-अलग जिलों से आकर बक्सर में किराए के मकान में अपना ह्यसाइबर ऑपरेशन सेंटरह्ण चलाते थे।

सूत्रों के मुताबिक, गिरोह के सदस्य रोजाना सैकड़ों लोगों को कॉल कर बैंक अधिकारी, बीमा कंपनी, कस्टमर केयर या ऑनलाइन गेमिंग एजेंट बनकर ठगते थे। इसके अलावा ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़ी कई ऐप्स और वेबसाइटों का संचालन भी यहीं से होता था, जिसमें मोटी रकम का लेन-देन रोजाना किया जाता था।

नगर थाना में एसडीपीओ सदर गौरव पांडेय, साइबर डीएसपी और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने जब्त उपकरणों की फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि उपकरणों से मिले डेटा के आधार पर कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

जांच से जुड़े पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह किसी सामान्य ठगी करने वाली टोली का मामला नहीं बल्कि एक सुदृढ़ नेटवर्क है, जिसके तार कई राज्यों में फैले हो सकते हैं। इस गिरोह का एक ह्यकमांड सेंटरह्ण बक्सर में सक्रिय होने की बात ने पुलिस को भी चौंका दिया है, क्योंकि शहर में पिछले कुछ महीनों से साइबर अपराध के मामलों में अचानक वृद्धि देखी जा रही थी।

पुलिस फिलहाल इस पूरे ऑपरेशन को बेहद गोपनीय तरीके से आगे बढ़ा रही है। अभी तक किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। टीम सबसे पहले यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गिरफ्तार युवक इस नेटवर्क के किस स्तर पर कार्य कर रहे थे। क्या ये सिर्फ ऑपरेटर थे या इनके पीछे कोई बड़ा मास्टरमाइंड भी छुपा है।

जांच पूरी होने के बाद बक्सर पुलिस इस मामले में विस्तृत खुलासा करेगी। फिलहाल इतनी बड़ी कार्रवाई ने शहर में चर्चा तेज कर दी है और लोग इसे पिछले कई महीनों से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर बड़ी कार्रवाई के रूप में देख रहे हैं।

## विधायक आनन्द मिश्र ने कहा प्लांट प्रबंधन अगली बैठक तक दिखाए ठोस परिणाम, प्रभावित किसानों को तत्काल मिले मुआवजा

# समाहरणालय में आर एंड आर की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

# स्थानीय युवाओं को 60 प्रतिशत रोजगार देने का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर समाहरणालय भवन में शनिवार को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) की दूसरी तिमाही समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने की। इस अवसर पर बक्सर सदर के विधायक आनन्द मिश्र, चौसा प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, प्रमुख, मुखिया एवं आसपास के पंचायतों के प्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी (डीएम), अपर समाहर्ता (एडीएम), अंचलाधिकारी (सीओ) चौसा, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), श्रम अधीक्षक (डीएलओ) सहित विभाग से जुड़े सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा स्थानीय रोजगार का रहा। विधायक आनन्द मिश्र ने कठोर शब्दों में कहा कि प्लांट परिसर में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बेहद कम है। फिलहाल मात्र 10 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को काम दिया जा रहा है, जो अत्यंत निराशाजनक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसे बढ़ाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत किया जाना अनिवार्य है, ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सकें और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो। इस प्रस्ताव का बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। विधायक मिश्र ने प्लांट प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अगली तिमाही बैठक तक 60 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की प्रक्रिया जमीन पर दिखनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई तय मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में प्रभावित किसानों के मुआवजे का विषय भी प्रमुख रहा। विधायक मिश्र ने कहा कि जिन किसानों की भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है, उन्हें निर्धारित मुआवजा अब तक नहीं मिला है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि किसानों के लंबित मामलों का त्वरित निपटारा कर उन्हें अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनका अधिकार मिलने पर ही क्षेत्र में संतुलित और सतत विकास संभव है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के लिए खेल मैदान निर्माण, प्रभावित वृद्धजन के लिए प्लांट द्वारा वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने, तथा स्थानीय जनहित से जुड़ी अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को भी जोरदार तरीके से उठाया। इन सभी मुद्दों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के लिए सहमति जताई।

विधायक श्री मिश्र ने बैठक के दौरान कहा कि बक्सर और चौसा की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसके प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों, युवाओं और आम जनता के हितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर वे मजबूती से खड़े रहेंगे और किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाहरणालय में आयोजित यह बैठक स्थानीय समस्याओं के समाधान और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि बक्सर और चौसा के हितों से जुड़े मामलों में अब ठोस और दृश्यमान कार्यवाही अपेक्षित है।

## एक नजर

### शराब के नशे में उत्पात मचाता शराबी गिरफ्तार

**डुमरांव।** शराब के नशे में उत्पात मचाना एक शराबी को महंगा पड़ गया। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव के लालगंज कड़वी निवासी रामानंद यादव का पुत्र रामचंद्र यादव शराब के नशे में पुराना भोजपुर चौक पर उत्पात मचा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच करवाया, जहां शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराबियों व शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

### बिंदेडेरा से शराब की खेप बरामद, तस्कर फरार

**सिमरी।** सिमरी पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के चांदपाली बिंदडेरा गांव स्थित एक घर से 14 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है। हालांकि, शराब तस्कर घर के पिछले दरवाजे के रास्ते भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चांदपाली बिंदडेरा निवासी छोटक बिंद पिता बिंदेश्वरी बिंद अपने घर से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक व वरीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद तत्काल उसके घर छापेमारी की गई, लेकिन पुलिस को देखते ही वह पिछले दरवाजे से भाग खड़ा हुआ। तलाशी अभियान के दौरान उसके घर से 14 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### बिजली चोरी के आरोप में जुर्माने के साथ एफआईआर दर्ज

**सिमरी।** बिजली कंपनी की टीम ने सिमरी थाना क्षेत्र के आशा पड़री गांव में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय गांव निवासी सावित्री देवी पति सुरेश कोहार मीटर बाइपास कर बिजली की चोरी करने के आरोप में चिन्हित की गई। सिमरी के प्रभारी जेई जितेन्द्र कुमार ने इस संबंध में विद्युत अधिनियम-135 के तहत उसके खिलाफ सिमरी थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए कुल 27 हजार 905 रूपए का जुमार्ना लगाया है। जेई ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ सिमरी क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं को चेतावनी दी कि वे वैध मीटर के सहारे ही बिजली का उपभोग करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

## दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मिला मंच, प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्साह की छलक

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा प्रखंड संसाधन केंद्र में शनिवार को विश्व दिव्यांगता दिवस से पूर्व आयोजित प्रखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता केवल खेल का आयोजन नहीं रहा, बल्कि समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सशक्त संदेश बनकर सामने आया। बीईओ हृषिकेश कुमार सिंह और नोडल पदाधिकारी उमेश झा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से कुल 30 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को पहचान देना, उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करना तथा समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण का निर्माण करना था। बच्चों ने जलेबी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, 100 मीटर दौड़, ट्राई साइकिल दौड़, चित्रकला, गायन-वादन और म्यूजिकल चेयर जैसे रोमांचक कार्यक्रमों में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। चित्रांकन श्रवण बाधित वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय की प्रिया कुमारी ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सलोनी कुमारी द्वितीय और बेबी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर में डे केयर विद्यालय के मो. शाहिद ने पहला, प्रियांशु कुमारी ने दूसरा और रोहित कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। संगीत प्रतियोगिता में कक्षा छह की रानी कुमारी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया और प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि आयुषी कुमारी एवं सनोज कुमार क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को मौके पर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रखंड स्तर पर चयनित ये बच्चे आगामी तीन दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हृषिकेश कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और विद्यालयों में संवेदनशील माहौल तैयार करना इस आयोजन की प्रमुख मंशा है। साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करना इस पहल का अहम हिस्सा रहा।

## बाल विकास केंद्र की वार्षिक बैठक में शामिल हुए विधायक आनन्द मिश्र, बच्चों की उच्च शिक्षा व पोषण पर दिया जोर

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड के हितन पड़री स्थित बाल विकास केंद्र में शुक्रवार को वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बक्सर सदर के विधायक आनन्द मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं केंद्र की वार्षिक उपलब्धियों के संक्षिप्त विवरण के साथ हुई।




बैठक में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री मिश्र ने कहा कि बचपन ही किसी भी समाज की सबसे सशक्त नींव होता है। यदि बच्चों को छोटी उम्र से ही बेहतर शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और उचित दिशा मिले, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के भविष्य को मजबूत बनाने में सक्षम होते हैं।

उन्होंने केंद्र में चल रहे विभिन्न शिक्षा एवं पोषण कार्यक्रमों का अवलोकन किया और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाओं की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पोषण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। इसके लिए केंद्र के प्रयास सराहनीय हैं और आगे इन्हें और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से बाल विकास केंद्र भेजें ताकि वे पोषण एवं शिक्षा दोनों का लाभ प्राप्त कर सकें।

अंत में उन्होंने केंद्र प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा देख दंग हुए अभिभावक, पाथवेज वर्ल्ड स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी में उमड़ी रचनात्मकता

- **कक्षा 1 से 7 तक के बच्चों ने पेश किए नवाचार के अनोखे मॉडल, मेडल पाकर झूम उठे छात्र**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में शनिवार का दिन विज्ञान और रचनात्मकता के नाम रहा। पाथवेज वर्ल्ड स्कूल, डुमरांव में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी ने न सिर्फ बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों को भी हैरान कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर डॉ. आर. राघवन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मंच संचालन रेशम केशरी ने किया।

प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण और रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान को शानदार तरीके से दिखाया गया। सबसे खास बात यह रही कि बच्चों ने अपने विचारों को सरल सामग्री की मदद से वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक काफी प्रभावित हुए।

प्रदर्शनी का आकर्षण रहे प्लास्टिक रिसाइकिल मॉडल, विंड मिल, सोलर पैनल, वॉटर प्यूरीफायर, अर्थक्वेक अलार्म, हाइड्रॉलिक लिफ्ट, इलेक्ट्रिक बेल, मॉडर्न ट्रैफिक सिग्नल, रेन हार्वेस्टिंग मॉडल, स्मार्ट सिटी, पॉल्यूशन मॉडल, वॉल्केनो, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, वाटर टैंक अलार्म, विंड टरबाइन आदि, जिनसे बच्चों ने वैज्ञानिक सोच और आधुनिक तकनीक की समझ का परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान मॉडल प्रस्तुत करने वाले बच्चों को उनके प्रदर्शन के आधार पर मेडल देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चे उत्साह से झूम उठे।

बच्चों में क्लास 1 के कार्तिक व आशी, क्लास 2 की श्रेया, पलक, यशिका, सनम, तथा अन्य कक्षाओं के आकर्ष, निर्मल, शिवानी कुमारी, सलोनी, अमरकांत, नैंसी, अनन्या, स्नेहा, प्रीति, अंकित, अब्दुला, अर्थव, अभिमन्यु, अनमोल, प्रियांशु शामिल रहे।

विद्यालय के सभी शिक्षकों और स्टाफ का इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनकी मेहनत प्रदर्शनी में स्पष्ट नजर आई।

डायरेक्टर डॉ. आर. राघवन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर विज्ञान और तकनीक के प्रति रुचि को मजबूत करते हैं। मॉडल बनाते समय बच्चे न केवल प्रयोगशील बनते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को समझने लगते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में सोचने, समझने और रचनात्मकता को विकसित करने का बेहतरीन माध्यम है।

पाथवेज वर्ल्ड स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी ने साबित कर दिया कि डुमरांव के नन्हे वैज्ञानिक भविष्य में बड़े नवाचारों के निमार्ता बन सकते हैं। उनके मॉडल, प्रस्तुति और उत्साह ने लोगों का दिल जीत लिया।

## बक्सर में बढ़ते जाम पर विधायक आनन्द मिश्र की सख्ती, गोलंबर पहुंच ट्रैफिक व्यवस्था का लिया जाएजा

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर क्षेत्र एवं गोलंबर के आसपास लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बक्सर सदर के विधायक आनन्द मिश्र जी ने शनिवार को गोलंबर पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। विधायक के औचक निरीक्षण से प्रशासनिक महकमे में सक्रियता देखी गई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों, नगर प्रशासन एवं ट्रैफिक विभाग के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री मिश्र ने गोलंबर तथा मुख्य मार्गों पर वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग को जाम का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती जनसंख्या और यातायात दबाव को देखते हुए प्रभावी और व्यावहारिक व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमित रूप से हो तथा जहां आवश्यकता हो वहां बैरिकेडिंग और डायवर्जन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। विधायक श्री मिश्र ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता जाम की समस्या से परेशान है, इसलिए हर स्तर पर समन्वय बनाते हुए तत्काल प्रभाव से कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक योजना में सुधार लाने के लिए आधुनिक व्यवस्थाओं का भी उपयोग किया जाएगा, ताकि शहरवासियों को स्थायी समाधान मिल सके। साथ ही उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से जाम की स्थिति और विकट होती है, जिससे हर हाल में बचना होगा।

# गंडक नदी में कटाव से दहशत, करोड़ों खर्च के बावजूद नहीं मिला समाधान, जल संसाधन विभाग की ने किया निरीक्षण

**एजेंसी/पटना**

बिहार के सारण और मुजफ्फरपुर जिले की सीमावर्ती गंडक नदी में हो रहे लगातार कटाव ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी कटाव रोकने में कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। खेत, बगीचे और आवासीय जमीन कटने से नदी किनारे बसे लोगों के बीच विस्थापन का खतरा बढ़ता जा रहा है।हैजलपुर गांव में गंडक नदी का कटाव पिछले एक वर्ष से लगातार बढ़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीण हर दिन दहशत में जी रहे हैं। इसी समस्या को देखते हुए सारण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूड़ी ने जल संसाधन विभाग को आवेदन देकर स्थायी समाधान की मांग की थी। शुक्रवार को जल संसाधन विभाग की एक उच्च स्तरीय टीम ने स्थानीय पंचायत के मुखिया अनिल सिंह की मौजूदगी में हैजलपुर पहुंचकर कटाव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने कटाव की वर्तमान स्थिति, ग्रामीणों को हो रही परेशानी और जोखिम का विस्तृत मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अब्दुल हमीद ने बताया कि कटाव की रफ्तार कम करने के लिए फिलहाल मिट्टी का ओवर बॉडी कम किया जा रहा है और नदी किनारे बालू भरी बोरियां डाली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए स्थायी समाधान का ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द विभाग को भेजा जाएगा। टीम ने कटाव स्थल के विभिन्न बिंदुओं का तकनीकी सर्वे किया और आश्वासन दिया कि स्थायी निरोधात्मक कार्य को लेकर जल्द अंतिम निर्णय लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता एवं बाढ़ नियंत्रण समिति के अध्यक्ष महेश प्रसाद ठाकुर, अधीक्षण अभियंता दिनेश कुमार, मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार, कार्यपालक अभियंता रामबाबू राय, एसडीओ विनोद कुमार और कनीय अभियंता सोनू कुमार सहित कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जल संसाधन विभाग की इस पहल से ग्रामीणों ने संतोष जताया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही कटाव की समस्या का स्थायी समाधान निकल सकेगा।



## डीएम-एसएसपी ने सुरक्षा का लिया जायजा

# बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

**केटी न्यूज/रोहतास**

बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र 01 दिसम्बर, 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 05 दिसम्बर, 2025 तक होना निर्धारित है। विधि-व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एस.एम. तथा एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की विधान सभा परिसर में संयुक्त ब्रीफिंग की गई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिशा-निदेशों से विस्तार से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। आठ क्यूआरटी भी सक्रिय रहेगा। जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी दिनांक 01 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 09.00 बजे एवं आगे प्रतिदिन विधान मंडल की कार्यवाही शुरू होने के एक घण्टा पहले अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर निश्चित रूप से पहुंच जाएंगे। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी प्रत्येक दिन विधान मंडल की बैठक की समाप्ति के पश्चात ही अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल को छोड़ेंगे।जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति विधान मंडल परिसर में प्रवेश नहीं करे। यदि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश करता है तो उसकी सारी जवाबदेही वहाँ पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की होगी। सचिवालय, विधान सभा एवं विधान परिषद क्षेत्र में बिना प्रवेश पत्र के किसी भी व्यक्ति/वाहन को प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा वरीय पदाधिकारियों के साथ विधानमंडल परिसर का भ्रमण एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। अधिकारीद्वय द्वारा पदाधिकारियों को इस निमित आवश्यक निदेश दिया गया। विधान सभा परिसर में स्थापित नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। अनुमण्डल दण्डाधिकारी, पटना सदर द्वारा बिहार विधान मंडल की सत्र के दौरान में बिहार विधान मंडल परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में पूर्व की तरह विधि-व्यवस्था संधारण हेतु एहतियात के तौर पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर एवं पुलिस उपाधीक्षक, सचिवालय इस अवसर पर विधि-व्यवस्था के प्रभार में रहेंगे। जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को त्रुटिरहित एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया है।



# सेमिनार का किया गया आयोजन

**केटी न्यूज/रोहतास**

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी विभाग ने 29 नवंबर 2025 को दोपहर 12:15 बजे से 2.15 बजे तक रियल-वर्ल्ड ए आई एप्लीकेशन बनाना: कंप्यूटर विजन और जेनरेटिव ए आई का हैंड्स-ऑन इंट्रोडक्शन नाम का एक जानकारी भरा सेमिनार आयोजित किया। इस सेमिनार का मकसद छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स को कंप्यूटर विजन और जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रैक्टिकल और तेजी से आगे बढ़ रहे डोमेन से परिचित कराना था जो ऑटोमेशन, इंटेलिजेंट डिसीजन-मेकिंग और क्रिएटिव कंटेंट जेनरेशन के जरिए इंडस्ट्रीज को बदल रहे हैं। इस सत्र को मिस्टर मनीष कुमार ने लीड किया, जो एक जाने-माने लीड डेटा साइंटिस्ट, एम एल ओ पी एस इंजीनियर एवं जेनरेटिव ए आई और कंप्यूटर विजन के एक्सपर्ट हैं, जिन्होंने बड़े पैमाने पर ए आई सॉल्यूशन डेवलप करने और डिप्लॉय करने में अपना बहुत ज्यादा प्रोफेशनल एक्सपीरियंस शेयर किया। सेमिनार के दौरान, मिस्टर कुमार ने पार्टिसिपेंट्स को ए आई-ड्रिवन विजुअल सिस्टम के बेसिक कॉन्सेप्ट्स से इंट्रोड्यूस कराया, और दिखाया कि कंप्यूटर विजन मॉडल इमेज को कैसे एनालाइज करते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, और ऑब्जेक्ट डिटेक्शन, फेशियल रिकग्निशन और ऑटोनॉमस सिस्टम जैसे रियल-वर्ल्ड एप्लीकेशन को कैसे सपोर्ट करते हैं। उन्होंने जेनरेटिव ए आई टेक्नोलॉजी का एक हैंड्स-ऑन ओवरव्यू भी दिया, जिसमें मॉडर्न जेनरेटिव मॉडल के पीछे काम करने के प्रिंसिपल्स को समझाया और दिखाया कि वे इमेज कैसे बनाते हैं, क्रिएटिविटी को बढ़ाते हैं और ऑटोमेशन वर्कफ़्लो को सपोर्ट करते हैं। सेशन में भरोसेमंद, स्केलेबल और प्रोडक्शन-रेडी ए आई सिस्टम बनाने के लिए जरूरी एम एल ओ पी एस प्रैक्टिस पर भी जोर दिया गया। स्टूडेंट्स ने इंटरैक्टिव डिस्कशन और प्रैक्टिकल उदाहरणों के जरिए एक्टिव रूप से हिस्सा लिया, जिससे ए आई इकोसिस्टम में उभरते ट्रेंड्स और करियर के मौकों के बारे में क्लैरिटी मिली।



# तीनों सेंट्रल जेलों में तड़के ताबड़तोड़ छापेमारी, सिस्टम क्लीन, कहीं से नहीं मिला आपत्तिजनक सामान

मुजफ्फरपुर के अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में गुरुवार को जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी की। डीएम सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में हुई इस कार्रवाई ने जेल परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप मचा दिया। करीब डेढ़ घंटे चली इस तलाशी में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गई। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी कोटा किरण कुमार, एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार, कई थानाध्यक्ष और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।पूरे जेल परिसर के सभी वार्डों की सघन जांच की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए और गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति के लिए जिला समादेष्टा से विमर्श कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कारा भवन निर्माण कार्यों की सूची प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर जल्द मरम्मत और निर्माण कराने का निर्देश दिया। साथ ही मुलाकात व्यवस्था को और मजबूत करने तथा सभी बंदियों का अपराधिक इतिहास तैयार करने का आदेश दिया। निरीक्षण के बाद डीएम सुब्रत सेन ने जेल प्रशासन की साफ-सफाई, रख-रखाव और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर संतोष जताया तथा महिला बंदियों के लिए अतिरिक्त व्यवसायिक प्रशिक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। मुंगेर में शनिवार तड़के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पिनिकर और एसपी सैयद इमरान मसूद ने मंडल कारा में औचक रेड की। अचानक हुई इस छापेमारी से जेल प्रशासन में हलचल मच गई। अधिकारियों ने जेल परिसर के सभी वार्डों और कैदियों से जुड़े अभिलेखों, सुरक्षा व्यवस्था तथा दैनिक गतिविधियों की गहन जांच की। टीम ने बैरकों की तलाशी लेकर प्रतिबंधित वस्तुओं की खोज की, लेकिन कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। निरीक्षण के बाद डीएम, एसपी ने सुरक्षा को और मजबूत करने तथा अनुशासन कायम रखने के निर्देश दिए।




## एक नजर

### इन्दिरा गांधी आश्रम कांग्रेस कार्यालय सासाराम में की गई समीक्षा बैठक

**रोहतास।** आज दिनांक 29/11/2025 को विगत विधानसभा चुनाव 2025 की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में इन्दिरा गांधी आश्रम कांग्रेस कार्यालय सासाराम में की गई। जिसमें कांग्रेसजनों ने अपने अपने प्रखंडों में कांग्रेस प्रत्याशी एवं महागठबंधन के प्रत्याशी के चुनावी हार के जिम्वार सरकार ने चुनाव के पूर्व वोटरों को लुभाने एवं रुपया महिला वोटरों के खाते में पैसा भेजने एवं स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी पाई गई साथ ही मतदान केंद्र पर अनाधिकृत रूप से आंगनबाड़ी सेविका को तैनाती की गई थी जिसे मतदाताओं को भ्रमित करने का एवं सरकारी पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए उत्प्रेरित कर रही थी जैसे अनेकों बात बताया गया।कांग्रेस पार्टी के आहवान पर दिनांक 14/12/2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस द्वारा रैली के आयोजन में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया।जिसमें मुख्य रूप से उपस्थिति राजेश्वर कुशवाहा रामनारायण राम, सासाराम नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद मकरानी, धनंजय सिंह,, विमलेश तिवारी अजय चौबे, ज्ञान चंद ओझा, डॉ शैलेश सागर, रामानुज मिश्रा, सुदामा राम, सनोज कुमार चंद्रवंशी, मनीष कुमार, संदीप कुमार, मनोरंजन कुमार, डॉ जावेद अख्तर शामिल हुए।

### समाज सेवा और युवाओं को सशक्त बनाने का काम निरंतर जारी रहेगा : विकास वैभव

**बिक्रमगंज ।** पटना से सासाराम एक कार्यशाला में शरीक होने जा रहे लेट्स इंस्पायर बिहार के संस्थापक एवं वरिष्ठ आईपीएस सह आईजी विकास वैभव को बिक्रमगंज नगर के डुमरांव रोड स्थित तेंदुनी काली मंदिर के समीप सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उन्हें फूलमाला,अंगवस्त्र और बुकें भेंट कर सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में तमन्ना गैस एजेंसी बिक्रमगंज के ऑनर मनीष कुमार सिंह उर्फ टिल्लू सिंह,डॉ.नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र मिश्रा,अधिवक्ता सतीश सिंह, दारा सिंह,महेंद्र नाथ पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । इस मौके पर उपस्थित लोगों ने विकास वैभव के सामाजिक कार्यों और जनसेवा के क्षेत्र में योगदान की सराहना की । उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार कर रहा है । स्थानीय लोगों ने भी उनके काम की भूरि-भूरि प्रशंसा की । विकास वैभव ने कहा कि समाज सेवा और युवाओं को सशक्त बनाने का काम निरंतर जारी रहेगा । उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मिलकर ही हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं । इस कार्यक्रम ने न सिर्फ स्थानीय लोगों को प्रेरित किया,बल्कि सामाजिक कार्यों में सहभागिता बढ़ाने का संदेश भी दिया ।

### द डिवाइन पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन, आईपीएस विकास वैभव ने किया उद्घाटन

**रोहतास ।** अनुमंडल क्षेत्र स्थित द डिवाइन पब्लिक स्कूल धावां में शनिवार को विद्यालय प्रांगण उत्साह और उमंग से भर उठा, जब एकदिवसीय इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि आईपीएस विकास वैभव तथा विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के बाद पहला मुकाबला गंगा हाउस और यमुना हाउस के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। दर्शक दीर्घा में मौजूद विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए आईपीएस विकास वैभव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल संस्कृति के विकास पर विशेष जोर दिया। विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि द डिवाइन पब्लिक स्कूल हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।

### जिला पदाधिकारी द्वारा दस व्यक्तियों से लोक साक्षात्कार किया गया

**सासाराम।** 29 नवंबर। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा दैनिक लोक साक्षात्कार के क्रम में कुल दस व्यक्तियों से साक्षात्कार किया गया। साक्षात्कार के दौरान ओम प्रकाश चौरसिया,होटल डिलक्स,सासाराम चैंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष एवं रोहतास शांति समिति के सदस्य के द्वारा अतिक्रमण तथा सासाराम रेलवे स्टेशन पर यातायात को सूचारू रूप से चलाने हेतु आवेदन दिया गया। करगहर प्रखंड के बलभद्रपुर गाँव निवासी देवमुनि सिंह की ओर से छुटे हुए जमाबंदी के सुधार हेतु आवेदन प्राप्त किया गया, जबकि शिवसागर प्रखंड के कझाँव गाँव निवासी राजु कुमार के द्वारा उत्पन्न भूमि विवाद को सुलझाने हेतु आवेदन दिया गया। तीनों आवेदन- पत्रों को निष्पादित करने हेतु हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया। सासाराम नगर थानाक्षेत्र के शाहजलालपीर निवासी स्व0 सतार अंसारी की पत्नी खुदैजा बीबी के द्वारा परिचारी के पद पर कार्यरत पुत्र का स्थानांतरण कराने के संबंध में आवेदन दिया गया,जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को निदेशित किया गया।इसी प्रकार प्राप्त शेष सभी आवेदन- पत्रों को अविलंब निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

# अंशुमान सिंह और सपना चौहान का धमाकेदार भोजपुरी गाना सटावा जनी राइफल करेजवा पर पटना में हुआ रिलीज

**एजेंसी। पटना**

भोजपुरी संगीत जगत में एक बार फिर धमाका करते हुए रितु रमन फिल्म प्रोडक्शन द्वारा अपना नया गाना सटावा जनी राइफल करेजवा पर आज पटना के होटल मौर्या में भव्य तरीके से रिलीज किया गया। इस मौके पर एक्टर अंशुमान सिंह राजपूत, एक्ट्रेस शिल्पी राघवानी एवं निमार्ता सी.बी. रमन मौजूद थे। रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया है। गाने में अभिनेता अंशुमान सिंह राजपूत और खूबसूरत अदाकारा सपना चौहान की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। दोनों कलाकारों की भाव-भंगिमाएँ, एक्सप्रेशन और रोमांटिक अंदाज ने गाने को शुरूआत से ही विशेष पहचान दिलाई है। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए गाने के निमार्ता सी.बी. रमन ने बताया कि भोजपुरी संगीत उद्योग में गुणवत्तापूर्ण कंटेंट की बढ़ती माँग को देखते हुए यह प्रोजेक्ट एक बड़ा प्रयास है। प्रोडक्शन टीम में कृष्णा मुरारी रमन और मनोरमा रमन का क्रिएटिव मार्गदर्शन भी गाने को अलग पहचान देता है। इस पूरे प्रोजेक्ट में राजकुमार सर का विशेष सहयोग रहा, जिसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया है। गाने में अंशुमान सिंह और सपना चौहान का अभिनय शानदार है। दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी ने गाने में रोमांस और मनोरंजन का बेहतरीन संतुलन स्थापित किया है। अंशुमान सिंह ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बेहद करीब है और इसकी शूटिंग के दौरान उन्होंने हर एक फ्रेम में अपनी पूरी ऊर्जा और सच्चाई के साथ अभिनय किया है। उन्होंने बताया कि सटावा जनी राइफल करेजवा पर एक एंटरटेनिंग और रोमांटिक फील लिए हुए गाना है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सपना चौहान के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों का मिल रहा प्यार उनके लिए प्रेरणा है। अंशुमान सिंह ने सभी फैन्स से अपील की कि वे गाने को अधिक से अधिक देखें, शेयर करें और अपना प्यार ऐसे ही बनाए रखें। आपको बता दें कि गाने को अपनी सुमधुर आवाज दी है लोकप्रिय गायक साजन बाबू और पूनीता प्रिया ने। लिखित शब्दों में जज्बात और मस्ती का मेल देखने को मिलता है, जिसके पीछे रचनाकार धीरज दीवाना का बेहतरीन लेखन है। संगीत को आकर्षक और आधुनिक अंदाज में सजाया है ट्यून है ने, जिससे गाना युवाओं के बीच तुरंत हिट हो गया है। गाने में ध्वनि की गुणवत्ता और वोकल्स को बेहद खूबसूरती से परिष्कृत किया गया।




# पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए किसान पुआल-पराली जलाने से करें परहेज : प्रभात कुमार

**केटी न्यूज/रोहतास**

अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने किसानों से अनुरोध किया जाता है कि किसान पुआल या पराली को जलाने से करे परहेज। क्योंकि इसे जलाने से पर्यावरण प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण भूमि में फसल उत्पादन की उर्वरता भी घटती है। परली के जलाने के बाद उसके निकले धुआं से लोगों में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कते उत्पन्न होती है। यदि आदेश के बाद भी कोई भी किसान पुआल पराली जलाते है तो उसके विरुद्ध संबंधित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही संबंधित कानूनी प्रावधानों के अनुसार दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। धान की अवशेष पुआल या पराली जलाने के कारण दावथ प्रखण्ड के सहिनाव पंचायत के छितैनी गांव के 18 किसानों के उपर प्राथमिकी दर्ज की गई है। 16 अन्य किसानो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही हैं। साथ ही उसे जलाने से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना रोक दी गई है। इसके अतिरिक्ति राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है। पेंशन एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ से अच्छादित है तो उसे भी ज्ञात कर रद्द करने की कार्रवाई की जा रही हैं।



# बालू लदे ट्रक की चपेट में महिला की मौत, ग्रामीणों ने चालक को बंधक बनाकर किया सड़क जाम



**एजेंसी। जमुई**

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के खड़ी ग्राम चौक के पास शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 40 वर्षीय सरोजनी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक चालक को बंधक बना लिया और मृतका के शव को सड़क पर रखकर करीब दो घंटे तक जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि दुर्घटना की जिम्मेदारी ट्रक चालक और वाहन मालिक दोनों पर है और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। जानकारी के अनुसार, सरोजनी देवी सुबह अपने घर के बाहर रोजमर्रा के कार्यों में व्यस्त थीं और सड़क किनारे गोबर उठा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार से गुजर रहे बालू लदे हाईवे ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक आगे बढ़कर घर के सामने रखी ईंटों के ढेर से जा टकराया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ट्रक चालक मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ तूफेल आलम, पिता मोहम्मद समीर, निवासी सेकंड हरंगपुरा (जिला पूर्णिया), घटना के समय गहरी नींद में था और उसे यह एहसास तक नहीं हुआ कि ट्रक किसी महिला को कुचलते हुए ईंटों के ढेर से टकरा गया है। ट्रेलर जमुई के खैर डंपिंग से बालू लेकर मलयपुर-लक्ष्मीपुर होते हुए नवगछिया की ओर जा रहा था। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। उन्होंने ट्रक चालक को पकड़कर पास के घर में बंद कर दिया। मृतका के शव को सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग और चालक तथा वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों के कारण सड़क पर करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे हादसे अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण होते हैं, इसलिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। सरोजनी देवी अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई हैं। उनके पति दिवाकर कुमार यादव की तीन साल पहले इलाज के दौरान मौत हो चुकी थी। दिवाकर यादव नियोजित शिक्षक थे। परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पहले ही कमजोर थी और अब सरोजनी देवी की मौत ने उनके बच्चों के भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ग्रामीणों और स्थानीय नेताओं ने परिवार को हर संभव मदद देने की बात कही है। घटना की सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर, लक्ष्मीपुर-बरहट-मलयपुर थाना पुलिस, दंगा नियंत्रण बल, बरहट अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को मुआवजे का आश्वासन दिया।

### स्थानीय लोगों की चिंता और सुझाव

स्थानीय लोग दुर्घटना को लेकर काफी चिंतित हैं। उनका कहना है कि हाईवे पर बालू और ईंटों से लदे भारी वाहन लगातार तेज रफ्तार में चलते हैं, जिससे आम लोगों की जान खतरे में रहती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाए।

## एक नजर

### पटना के एरिस होटल में लिफ्ट गिरने से 4 लोग घायल, शादी समारोह में मची अफरा-तफरी

**पटना ।** राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के एजी कॉलोनी स्थित एरिस होटल में एक भयंकर हादसा हुआ। होटल में आयोजित समारोह के दौरान लिफ्ट अचानक गिर गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में 70 वर्षीय नरेश राय की हालत गंभीर बताई जा रही है। वे हृदय रोगी हैं और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य तीन घायलों को हल्की चोटें आई हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना के समय होटल में आयुष और अनितिका की रिंग सेरेमनी चल रही थी। बताया जा रहा है कि होटल की लिफ्ट की क्षमता केवल तीन लोगों की थी, लेकिन समारोह में भारी भीड़ होने के कारण कई लोग एक साथ लिफ्ट में सवार हो गए। इसी अधिक भार के कारण लिफ्ट ने दबाव सहन नहीं किया और दूसरे फ्लोर से नीचे गिर गई। घटना रात करीब 11:30 बजे हुई, जब समारोह अपने चरम पर था। लिफ्ट गिरने की तेज आवाज से समारोह में अफरातफरी मच गई। होटल के स्टाफ और वहां मौजूद लोग तुरंत मौके पर दौड़े और घायलों को बाहर निकाला।घटना के तुरंत बाद सूचना मिलने पर एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची और घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल नरेश राय को विशेष देखरेख में भर्ती कराया गया है। होटल के अन्य तीन घायलों को हल्की चोटें आई हैं। स्थल पर पहुंचे शास्त्रीनगर थाना के पुलिस अधिकारी ने बताया कि लिफ्ट पूरी तरह नहीं गिरी थी। तकनीकी जांच में पता चला कि कम वोल्टेज के कारण लिफ्ट ह्यजंपह्ल कर नीचे बैठ गई, जिससे सवार लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने कहा कि हादसा अधिक भार और तकनीकी कारणों का मिश्रण था।

### स्कूल में शोर्ट सर्किट से लगी आग, कई छात्रा हुई बेहोश

**बाढ़।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला प्रखंड स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय में सुबह अचानक अफरा-तफरी मच गई। नाश्ता करने के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट से उठे तेज धुएं ने छात्राओं में हड़कंप मचा दिया। देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि धुआं से चार छात्राएं बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रशासन सक्रिय हुआ और बेहोश छात्राओं को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर इलाज दिया जा रहा है। स्कूल की वार्डन ने बताया कि घटना सुबह लगभग 8 बजे के आसपास हुई, जब सभी छात्राएं मेस हॉल में नाश्ता कर रही थीं। उसी दौरान अचानक एक कमरे में लगे बिजली के बोर्ड से चिंगारी उठी और देखते ही देखते घना धुआं फैल गया। वार्डन ने बताया कि धुआं उठते ही छात्राएं डर गईं और बाहर की ओर भागने लगीं। भगदड़ जैसी स्थिति बनने लगी, इसी बीच चार छात्राएं अधिक धुआं सूंघ लेने से बेहोश हो गईं। उनके गिरते ही पूरे कैंपस में चीख-पुकार मच गई और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकालने में जुट गए। स्कूल प्रशासन ने तुरंत स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस स्कूल पहुंची और बेहोश हुई छात्राओं को बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि सभी छात्राओं की स्थिति अभी स्थिर है, लेकिन एहतियातन उन्हें ऑक्सीजन पर रखा गया है ताकि सांस लेने में किसी प्रकार की समस्या न हो। डॉक्टरों ने कहा कि धुएं के कारण उन्हें अस्थायी रूप से सांस की परेशानी हुई थी, जो प्राथमिक उपचार के बाद नियंत्रण में आ गई है। घटना की खबर गांव और आसपास के इलाकों में तेजी से फैल गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग स्कूल पहुंच गए। स्कूल के बाहर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अफरा-तफरी और बढ़ गई।

# महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को चुना विधायक दल का नेता, बैठक में कई मुद्दों पर हुई बात



**एजेंसी। पटना**

बिहार चुनाव में हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव आज दो अहम बैठक की। पहली बैठक वह राजद के जीते हुए विधायकों के साथ की। वही दूसरी बैठक महागठबंधन के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ की। दो दिन पहले वह दिल्ली गए थे। आज दिल्ली से लौटते ही वह अपने आवास पर बैठक की। महागठबंधन के नेताओं के साथ बैठक का नेतृत्व भी तेजस्वी यादव ने ही किया। इसमें उन्हें महागठबंधन का विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इधर, बैठक खत्म होने के बाद तेजस्वी यादव आवास से बाहर निकले, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं राजद के एक विधायक ने बताया कि शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले बैठक बुलाई गई थी। सत्र में कैसे विपक्ष की भूमिका निभाई जाए। कम संख्या होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि क्रांति के लिए एक ही आदमी काफी होता है। महागठबंधन के पास तो 35 हैं।


### एक दिसंबर से शुरू हो रहा विधानसभा सत्र

बिहार विधानसभा सत्र एक दिसंबर से शुरू हो रहा रहा है। इसके लेकर भी आज की बैठक काफी महत्वपूर्ण है। सत्र में राजद और विपक्ष की कार्यशैली कैसी रहेगी? किन मुद्दों पर सरकार को घेरा जाए? बिहार चुनावी में हार के मुख्य कारणों समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें महागठबंधन के सभी 35 विधायकों पहुंचे। इसमें राजद के 25, कांग्रेस के छह, भाकपा माले के दो और आईआईपी व सीपीएम के एक-एक विधायक शामिल हैं। महागठबंधन के प्रमुख नेता को भी आमंत्रित किया गया है, वह भी इस बैठक में शामिल हुए।

### कांग्रेस ने दिया रचनात्मक सहयोग का आश्वासन

बैठक में राजद के साथ कांग्रेस, वाम दल और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आइआइपी) का प्रतिनिधित्व रहा। कांग्रेस की ओर से विधान पार्षद समीर सिंह ने रचनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि महागठबंधन की एकता के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है।तय हुआ कि अब हार के कारणों पर पश्चाताप के बजाय भविष्य की चिंता करनी है। चूंकि संख्या बल में सत्ता पक्ष इस बार बहुत ही भारी है, लिहाजा महागठबंधन को हर हमेशा एकजुट रहना है।जन-हित के मुद्दों से कोई समझौता नहीं होगा। अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध निरंतर आक्रामक रुख बनाए रखना है। इसके अलावा रोजी-रोजगार, महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण, किसानों के उत्थान और महागठबंधन के घोषणा-पत्र में दर्ज मुद्दों पर मुखर रहना है।

# बिहार में पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को देखते हुए राज्य में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। फसल अवशेष जलाने से हवा जहरीली हो जाती है, मिट्टी की उर्वरता घटती है और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए सरकार ने किसानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि नियम उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी प्रभात कुमार के अनुसार, पराली जलाने वाले किसानों का किसान पंजीकरण ब्लॉक कर दिया जाएगा और कृषि विभाग की कोई भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके साथ ही ऐसे मामलों में इठर धारा-152 के तहत जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा पूरे बिहार में पंचायत से लेकर जिला स्तर तक पराली प्रबंधन को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि फसल अवशेष जलाना न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि जमीन की उर्वरा शक्ति भी घटा देता है।अब जिले में सभी कंबाइन हार्वेस्टर मालिकों और चालकों को शपथ पत्र या आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। पास मिलने के बाद ही वे फसल कटाई का कार्य कर सकेंगे। यह कदम अवशेष प्रबंधन को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है। किसानों को पराली न जलाने और आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए सरकार कई यंत्रों पर सब्सिडी दे रही है। इसमें शामिल हैं स्ट्रा बेलर, सुपर हैप्पी सीडर जीरो टिल सीड-कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर, रोटरी मल्चर एसएमएस इससे किसानों को पुआल के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी और खेती की लागत भी कम होगी। एक टन पुआल को आग नहीं लगाकर उसे मिट्टी में मिला देने से खेती को मिलते हैं नाइट्रोजन : 20, 30 किग्रा, पोटाश : 60, 100 किग्रा, सल्फर : 5, 7 किग्रा,ऑर्गेनिक कार्बन : 600 मिलीग्राम ये तत्व जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं और पैदावार को बेहतर बनाते हैं। एक टन पराली जलाने पर वातावरण में निकलते हैं 3 किग्रा पीएम (धूल-कण), 60 किग्रा सीओ (कार्बन मोनोऑक्साइड), 1460 किग्रा सीओ 190 किग्रा राख 2 किग्रा रड इनसे पर्यावरण गंभीर रूप से प्रदूषित

# बिहार में मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तारीखों का एलान



**एजेंसी। पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति यानी बीएसईबी ने साल 2025-2026 सत्र की मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की तारीखों का एलान कर दिया है। बीएसईबी अध्यक्ष आनंद किशोर ने दोनों परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। बिहार में मैट्रिक की परीक्षा 17 से 25 फरवरी तक होगी जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 2 से 13 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। दरअसल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने साल 2026 में होनेवाली परीक्षाओं का वार्षिक केलेंडर जारी कर दिया है। बीएसईबी अध्यक्ष आनंद किशोर ने 29 नवंबर को अगले साल होने वाली बिहार इंटरमीडिएट, मैट्रिक परीक्षा और डीएलएड की परीक्षा का केलेंडर जारी किया है।बीएसईबी अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि बिहार में इंटर की परीक्षा 2 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित की जाएगी जबकि मैट्रिक की परीक्षा 17 फरवरी से 25 को होगी। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए इस बार बोर्ड के द्वारा एआई का इस्तेमाल किया जायेगा। एआई के प्रयोग से गड़बड़ी पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि चैट बॉट के माध्यम से सभी प्रकार की सूचना छात्र-छात्राओं को मिलेंगी। इस बार भी तकनीकी प्रयोग किये जायेगे। मैट्रिक और इंटर के रिजल्ट इस बार भी सबसे पहले जारी होंगे। इस बार अबतक 15,02,021 छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा का फॉर्म अप्लाई किया है। वहीं इंटर की परीक्षा में शामिल होने के लिए 13,04, 241 छात्रों ने फॉर्म भरा है। दोनों ही परीक्षा के लिए 3 दिसम्बर तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है।

# रिसेप्शन का भोज खाने से 200 से अधिक लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती, मचा हडकंप



**एजेंसी। पटना**

हाथीदह थाना क्षेत्र के औंटा गांव में को एक बड़े बहूभोज के बाद 200 से अधिक लोग अचानक बीमार हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार,औंटा बजरंगबली चौक के पास शादी के अवसर पर बहूभोज का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने के बाद सभी लोग अपने-अपने घर चले गए, लेकिन अगले दिन सुबह से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पीड़ितों में दस्त, उल्टी, पेट दर्द और तेज बुखार जैसी शिकायतें देखने को मिली। जैसे-जैसे सुबह बीतती गई, यह समस्या गांव के दर्जनों लोगों तक फैल गई। घटना के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया और लोगों ने तुरंत उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोकामा, रेफरल अस्पताल और नजदीकी निजी अस्पतालों का रुख किया। घटना में गंभीर रूप से बीमार हुए लोगों में धर्मेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, गौरव शर्मा, सूरज कुमार, सुबोध कुमार, विराज शर्मा, शिल्पी, ललन कुमार, स्वीटी, छोटू कुमार और नेहा कुमारी शामिल हैं। कई पीड़ितों का इलाज नाजरेथ अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य लोगों का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी नर्सिंग होम में किया जा रहा है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बीमारी विषाक्त भोजन के कारण हुई या मौसम में अचानक बदलाव और ठंड के कारण लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो गई। हालांकि, बहूभोज में शामिल कई लोगों ने दावा किया कि उन्होंने भी उसी भोजन का सेवन किया था लेकिन उनकी सेहत पूरी तरह ठीक है। इस बात से यह संभावना जताई जा रही है कि कुछ लोगों में केवल संवेदनशीलता के कारण बीमारी विकसित हुई। हाथीदह थाना के थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की गई। पीड़ितों ने लिखित शिकायत दी है, जिसमें उन्होंने बहूभोज के खाने के बाद अपनी तबीयत बिगड़ने की बात कही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले पीड़ितों को प्राथमिक उपचार दिया गया और गंभीर मामलों को रेफरल अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# पटना मेट्रो : भूतनाथ रोड से मलाही पकड़ी तक सेवा 20 दिसंबर से शुरू



**एजेंसी। पटना**

पटना मेट्रो परियोजना लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है और राजधानीवासियों के लिए राहत भरी खबर है। नई जानकारी के अनुसार, भूतनाथ रोड से मलाही पकड़ी तक मेट्रो सेवा 20 दिसंबर के बाद शुरू हो सकती है। इस रूट के खुलते ही यात्रियों को लगातार पांच स्टेशनों तक नॉन-स्टॉप मेट्रो सुविधा मिलने वाली है, जिससे पूर्वी पटना के लोग रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाएंगे। 6 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्यू आईएसबीटीझ्र भूतनाथ रोड सेक्शन का उद्घाटन किया था। इस सेक्शन के संचालन के कुछ ही महीनों में लगभग 94 हजार से अधिक यात्रियों ने इस रूट का लाभ उठाया है। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि राजधानी में मेट्रो सेवा काफी लोकप्रिय हो रही है और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि मलाही पकड़ी स्टेशन पूरी तरह तैयार है और खेमनीचक स्टेशन पर अंतिम टच-अप का काम चल रहा है। इसके साथ ही पूरे रूट पर तकनीकी परीक्षण, ट्रायल रन और सुरक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाएँ अंतिम चरण में हैं। जैसे ही सभी मंजूरियां मिलेंगी, यह रूट यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। इस सेक्शन के खुलते ही न्यू आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ रोड और मलाही पकड़ी जैसे अहम स्थानों के बीच आवागमन सुचारु रूप से संभव हो जाएगा। मलाही पकड़ी से राजेंद्र नगर तक बनने वाली भूमिगत मेट्रो पटना के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक है। इस पूरे भाग को जून 2026 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में टनलिंग, सुरंग निर्माण, स्टेशन डिजाइन और सुरक्षा ढांचे पर तेज रफ्तार से काम चल रहा है। अंडरग्राउंड सेक्शन के पूरा होने के बाद पटना जंक्शन, भीड़भाड़ वाले बाजार और कार्यालय क्षेत्रों में आवागमन बेहद आसान हो जाएगा। भूमिगत मेट्रो रूट के निर्माण के लिए पटरी बिछाने की निविदा भी जारी हो चुकी है। निविदा तय होते ही इस भाग में तेजी से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह रूट इसलिए खास है क्योंकि यह पटना विश्वविद्यालय, सरकारी संस्थानों और पुराने आवासीय इलाकों को सीधे जोड़ने वाला मार्ग है। इससे न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि निजी वाहनों पर निर्भरता भी कम होगी।

पूर्वी पटना के लिए यह मेट्रो सेवा एक बड़ी राहत साबित होगी। भूतनाथ रोडझ्रमलाही पकड़ी रूट के खुलने के बाद शहर के ट्रैफिक जाम में काफी कमी आएगी। इस रूट पर मेट्रो सेवाओं के चलते यात्रियों का सफर तेज, आरामदायक और सुरक्षित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना बढ़ेगी।भूमिगत मेट्रो निर्माण में सुरक्षा और तकनीकी सटीकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। रुकनपुरा से पटना जंक्शन तक बनने वाली सुरंग के लिए मिट्टी की गहराई और मजबूती की विशेष जांच की जा रही है। नेहरू पथ पर लगभग 12 स्थानों पर 50 मीटर तक बोरिंग की जा रही है और हर मीटर पर निकली मिट्टी का सैंपल लैब भेजा जा रहा है।

# सुपौल कोर्ट का बड़ा फैसला, शराब तस्कर को 5 साल की जेल, लगाया 1 लाख का जुर्माना

**एजेंसी। पटना**

सुपौल में अनन्य उत्पाद न्यायाधीश प्रथम अभिषेक कुमार की अदालत ने शुक्रवार को एक अहम मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी करते हुए दोषी मो. तईब को कठोर सजा सुनाई। अदालत ने बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम 2016 की धारा 30(ए) के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास और 1 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भी तय किया गया है।इससे पहले अदालत ने 26 नवंबर को मो. तईब को इस मामले में दोषी पाया था। पिपरा थाना कांड संख्या 40/19 (उत्पाद सत्रवाद संख्या 99/19) की सुनवाई के दौरान अदालत ने त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के गम्हरपुर निवासी मो. तईब को सजा सुनाई। यह मामला 17 फरवरी 2019 का है। पिपरा पुलिस गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि संजय मंडल के बगान में बड़ी मात्रा में शराब छुपाकर रखी गई है। सूचना पर पुलिस जब पिपरा बाध स्थित बगान पहुंची, तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा कर उसे पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम मो. तईब बताया। उसने स्वीकार किया कि बगान में नेपाल से लाई गई देसी शराब जमा है और उसकी बिक्री भी की जाती है।मो. तईब की निशानदेही पर पुलिस ने बगान से 250.5 लीटर देसी शराब बरामद की थी।